• मार्गशीर्ष • कृष्ण पक्ष • अमावस्या

अमृत वाणी

दो० - नंदीमुख सराध करि जातकरम सब कीन्ह।
हाटक धेनु बसन मनि नृप बिप्रन्ह कहँ दीन्ह॥ 193॥

भावार्थ- फिर राजा ने नांदीमुख श्राद्ध करके सब जातकर्म-संस्कार आदि किए और ब्राह्मणों को सोना, गो, वस्त्र और मणियों का दान दिया॥ 193॥

मौसम

अधिकतम तापमान : 26°C
न्यूनतम तापमान : 16°C
पूर्वानुमान : आसमान में आमतौर पर बादल छाए रह सकते हैं

पंचांग



सूर्योदय : 5.47, सूर्यास्त : 4.31

वि.स. 2079, शक संवत् 1944, मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या, नक्षत्र-विशाखा, योग-शोभन, सूर्य दक्षिणायन, ऋतु हेमंत, राक्षस-नाम संवत्सर, दिनांक 23 नवंबर 2022, बुधवार, सूर्य-वृश्चिक, चंद्र-तुला, मंगल-वृष, बुध-वृश्चिक, गुरु-मीन, शुक्र-वृश्चिक, शनि-मकर, राहु-मेष व केतु-तुला राशि पर संचार करेंगे।

राहूकाल : 12.00 से 1:30 बजे तक
ज्योतिषाचार्य महावीर तिवाड़ी
(पारीक) गुवाहाटी,
मोबाइल : 97064-85689

आज का राशिफल

मेष: आज दिन 4/04 बजे तक समय बेहतर, आत्मबलों से कार्य सिद्धि, व्यापार में लाभ, शेष समय प्रतिकूल, कष्ट, हानि, विवाद एवं अन्य उलझनें, सजगता जरूरी।

वृषभ: समय बेहतर, मनोवांछित, सफलता का सुयोग, मंगल आयोजन सम्पन्न, पारिवारिक खुशी, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, आमोद-प्रमोद में रुझान।

मिथुन: दिनमान अनुकूल, व्यक्तित्व का विकास, मित्रों से अनुकूलता, सुसंदेश प्राप्त, विरोधी परास्त, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

कर्क: आज दिन 4/04 बजे तक प्रतिकूलता, मित्रों-स्वजनों से मतभेद, व्यर्थ भ्रमण, शेष समय सफलता में सहायक, लाभ का मार्ग प्रशस्त, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था।

सिंह: आज दिन 4/04 बजे तक योजना सफल होने की ओर, इच्छित पद की प्राप्ति, धनलाभ भी, शेष समय कष्टकर, स्वास्थ्य विपरीत, व्यापार में हानि, यात्रा असफल।

कन्या: स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल, जीवनसाथी से सहयोग, मनो-विनोद के अवसर प्राप्त, सुख के साधन सुलभ।

तुला: उन्नति का सुअवसर, मनोरंजन में रुझान, राजनैतिक कृत्यों में संलग्नता, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, धन लाभ का मार्ग प्रशस्त, संभावित यात्रा सुखद।

वृश्चिक: आज दिन 4/04 बजे तक लाभ का मार्ग अवरुद्ध, परिजनों की सलाह अमान्य, शेष समय में उन्नति, पारस्परिक संबंधों में मधुरता, आर्थिक उन्नति, विरोधी परास्त।

धनु: आज दिन 4/04 बजे तक कार्य बनने से खुशी, कठिनाइयों में कमी, वाहन से सुख, शेष समय व्यापारिक प्रगति में बाधा, आत्मीयजनों से कष्ट, द्रव्य की क्षति।

मकर: योजना साकार होने की ओर, आनन्द की अनुभूति, विशिष्टजनों से सम्पर्क, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, अध्यात्म के प्रति आस्था, दूसरों के आश्वासनों से राहत।

कुम्भ: कार्यों में सफलता, पारिवारिक वातावरण में सुख-शांति, भोग-विलास में रुझान, उत्तरदायित्व के निभाने हेतु व्यय, धनागम का सुअवसर।

मीन: आज दिन 4/04 बजे तक का समय असंतोषजनक, लाभ में कमी, प्रतिष्ठा पर आघात, शेष समय में निराशा, मित्रों से गलतफहमी दूर होने की, समस्या का संतोषजनक हल।

- विमल जैन, वाराणसी
मो. : 09335414722

आज का इतिहास

1857-कोलिन कैंपबेल की अगुवाई में अंग्रेजों ने लखनऊ को क्रांतिकारियों के कब्जे से मुक्त कराया।

1926 - आध्यात्मिक गुरु सत्य साईं बाबा का जन्म।

1936 -फोटो पत्रकारिता में एक अलग पहचान रखने वाली पत्रिका लाइफ का पहला अंक प्रकाशित।

1937-देश के जाने माने वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस का निधन।

1946 -बंदरगाह शहर हेइफोंग पर फ्रांस के नौसैनिक हमले में वियतनाम के 6000 नागरिकों की मौत।

1980 -इटली में भीषण भूकंप से 2600 लोगों की मौत।

1983 -भारत में पहले राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन का आयोजन। यह सम्मेलन राजधानी दिल्ली में आयोजित किया गया।

1996- इथियोपियाई एयरलाइंस के अदीस अबाबा से नैरोबी जा रहे बोइंग 767 विमान का अपहरण। ईंधन कम होने के कारण विमान हिंद महासागर में गिरा।

राज्यपाल मुखी ने 49वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी

पूर्वांचल प्रहरी डेस्क संवाददाता

गुवाहाटी : राज्यपाल ने प्रो. जगदीश मुखी ने मंगलवार को गुवाहाटी महानगर स्थित श्रीमंत शंकरदेव अंतर्राष्ट्रीय सभागार में 49वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है कि एनसीईआरटी और एससीईआरटी ने संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में देश के कुल 240 छात्र भाग ले रहे हैं, जो अपने मॉडलों का प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके अलावा, प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जहां प्रत्येक राज्य के प्रतिभागी अपने राज्य के लिए विशिष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी ने कहा, विज्ञान प्रदर्शनी वास्तव में बच्चों में जिज्ञासा पैदा करने, उनकी रचनात्मकता और कल्पना को उजागर करने का एक अद्भुत अवसर प्रदान करती है। एससीईआरटी, नई दिल्ली के सहयोग से स्कूल शिक्षा विभाग, असम सरकार द्वारा आयोजित उद्घाटन समारोह में बोलते हुए प्रो. मुखी ने कहा, विज्ञान ज्ञान का एक विशिष्ट रूप है। मनुष्य के समृद्ध ज्ञान और सकारात्मक सोच ने वर्तमान समय को विज्ञान युग बना दिया है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों के वैज्ञानिक स्वभाव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विज्ञान प्रदर्शनियों के माध्यम से बच्चों में वैज्ञानिक शोध के प्रति जिज्ञासा बढ़ती है। साथ ही, बच्चों को राष्ट्र के भविष्य की कल्पना करने और संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा मिलती है। प्रो. मुखी ने यह भी कहा, मेरा मानना है कि अगर किसी बच्चे को स्कूल स्तर पर वैज्ञानिक विचारों से अवगत कराया जाए तो वह वैज्ञानिक सोच विकसित कर सकता है जो उसे भविष्य में वैज्ञानिक बनने में मदद करता है। मुझे विश्वास है कि इस विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से, हमारे छात्रों में अधिक रचनात्मकता और जागरूकता बढ़ेगी जो बाद में उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपने वैज्ञानिक स्वभाव को प्रदर्शित करने में मदद करेगी। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. रनोज पेगू ने भी विचार रखे। उद्घाटन समारोह में सलाहकार, शिक्षा असम और आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. ननी गोपाल महंत, निदेशक समग्र शिक्षा, असम डॉ. ओम प्रकाश, सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग एसएन चौधरी, संयुक्त निदेशक, एनसीईआरटी प्रो. श्रीधर श्रीवास्तव, प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत गोस्वामी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

असम-मेघालय सीमा पर हिंसा

मेघालय के भाजपा विधायक ने असम पुलिस की निंदा की

मुख्यमंत्री हिमंत से की कार्रवाई की मांग

पूर्वांचल प्रहरी कार्यालय संवाददाता

गुवाहाटी: मेघालय के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक और कैबिनेट मंत्री संबोर शुल्लाई ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वशर्मा को लिखे एक पत्र में 22 नवंबर की सुबह वेस्ट कार्बी आंगलोंग जिले में जिरिकेंडिंग थाने के अंतर्गत मुकरु इलाके में असम-मेघालय सीमा पर वन विभाग और असम पुलिस द्वारा मारे जाने की घटना की निंदा की। मेघालय के भाजपा विधायक ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत से गोलीबारी की घटना के संबंध में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। भाजपा विधायक ने अपने पत्र में लिखा है कि इस घटना को असम पुलिस और वन कर्मियों द्वारा ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश की जा रही है, जो ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने पूरे मेघालय में हाहाकार मचा दिया है। इस प्रकार की घटना और सीमावर्ती क्षेत्रों में असम पुलिस द्वारा बल प्रयोग करने से मेघालय के लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है और ऐसा महसूस होता है कि वे मेघालय क्षेत्र में अपना रास्ता बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इस घटनाक्रम ने असम के पास सीमावर्ती गांव में रहने वाले स्थानीय निवासियों के बीच डर पैदा कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि असम पुलिस मेघालय के लोगों के साथ विदेशी नागरिकों की तरह व्यवहार कर रही है जो ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर असम सरकार एक शांतिपूर्ण पूर्वोत्तर चाहती है तो एक बड़े भाई होने के नाते उसे हमें रास्ता दिखाना चाहिए। ऐसी घटनाएं जिनमें छह लोग मारे गए हैं उसे किसी तरह से सही नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि इस घटना में मारे गए लोगों के साथ न्याय करते हुए इस कृत्य में शामिल लोगों का तत्काल निलंबन और गिरफ्तारी करना चाहिए।

त्रिपुरा में नेसो की चार दिवसीय बैठक

पूर्वांचल प्रहरी डेस्क संवाददाता

गुवाहाटी : अखिल त्रिपुरा छात्र फेडरेशन के पहल में पूर्वोत्तर छात्र संगठन (नेसो) के वार्षिक बैठक 23 नवंबर से 26 नवंबर तक त्रिपुरा के खुंमलुंग में आयोजित होगी। इस बैठक में अखिल असम छात्र संस्था (आसू), नागा छात्र फेडरेशन, खासी छात्र संस्था, अखिल अरुणाचल प्रदेश छात्र संस्था, अखिल मणिपुर छात्र संस्था, गारो छात्र संस्था, मिजो हिरलाई पल तथा अखिल त्रिपुरा छात्र फेडरेशन के नेतागण शामिल होंगे। बैठक में पूर्वोत्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक समस्याएं, अवैध विदेशी आप्रवासियों की समस्या, आर्थिक विकास तथा नियुक्ति के विषयों पर चर्चा होगी। इसके साथ ही पूर्वोत्तर में अंतर्राज्यीय सीमा विवाद, सीएए रद्द करना, अफस्पा रद्द करना, त्रिपुरा के स्थानीय समुदायों की भविष्य की सुरक्षा, पूर्वोत्तर में इनर लाईन परमिट की व्यवस्था, पूर्वोत्तर के लिए विशेष संवैधानिक मर्यादा सहित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। गौरतलब है कि त्रिपुरा की कुल 40 लाख जनसंख्या में स्थानीय लोगों की जनसंख्या सिर्फ 10 लाख है। इसलिए स्थानीय त्रिपुरी लोगों के लिए संवैधानिक सुरक्षा, असम में असम समझौते का कार्यान्वयन, विदेशी आप्रवासियों की समस्या का स्थायी समाधान आदि मुद्दों पर बैठक के दौरान विशेष रूप से चर्चा की जाएगी। नेसो के अध्यक्ष सेमुअल हेरवा, महासचिव मिनम प्रकाश, सलाहकार डॉ. समुज्ज्वल भट्टाचार्य ने त्रिपुरा में आयोजित होने वाली नेसो की बैठक में पूर्वोत्तर की जनता की सहयोगिता कामना की है।

सेंट जुडस गुवाहाटी में कैंसर से जूझ रहे बच्चों को प्रदान करता है गुणवत्तापूर्ण देखभाल

पूर्वांचल प्रहरी डेस्क संवाददाता

गुवाहाटी : सेंट जुड इंडिया चाइल्ड केयर सेंटर्स (सेंट जुडस) कैंसर का इलाज करा रहे बच्चों के लिए घर से दूर घर उपलब्ध कराता है। ये बच्चे अपने माता-पिता के साथ अपने गांवों से दूर-दराज के शहरों में कैंसर के इलाज के आते हैं। सेंट जुडस इन बच्चों को कैंसर से बचने और पूर्ण, स्वस्थ, सुखी जीवन जीने के लिए निःशुल्क आवास और समग्र सहायता प्रदान करते हैं। गुवाहाटी में सेंट जुड के दो केंद्र है जहां कैंसर से जूझ रहे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करता है। प्रत्येक केंद्र में 12 परिवार निःशुल्क रहते हैं। गुवाहाटी के डॉ बी बरुवा कैंसर संस्थान में इलाज करा रहे बच्चे इन केंद्रों में रहते हैं। सेंट जुड के गुवाहाटी केंद्र उन परिवारों की देखभाल करते हैं जो असम, मणिपुर और पूर्वोत्तर के अन्य हिस्सों से इलाज के लिए आते हैं। गौरतलब है कि सेंट जुडस के अध्यक्ष गार्गी मशरूवाला स्थापना के समय से सेंट जुडस के साथ जुड़ी हुई हैं और उनके सहयोगी सेंट जुडस के गुवाहाटी सेंटर के टीम लीडर विशाल जैन सेंट जुडस के बच्चों और उनके परिवारों को उनके कठिन समय के दौरान खुशी और आशा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

डिब्रूगढ़ वर्कशॉप पर अंडरगियर एवं कोचों का परिरक्षकरण

ई-निविदा सूचना सं. डीबीडब्ल्यूएस-एमआईईटी-07-2022-23 तारीख: 18-11-2022। नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया है: **कार्य का नाम:** डिब्रूगढ़ वर्कशॉप पर अंडरगियर एवं कोचों का परिरक्षकरण। **कार्य की अनुमानित राशि:** ₹86,78,371/- @ 18% जीएसटी सहित। **धरोहर राशि:** ₹1,73,600/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 12-12-2022 तारीख के 15.00 बजे में एवं खुलेगी: 12-12-2022 तारीख के 15.30 बजे में। उपरोक्त ई-निविदा का निविदा दस्तावेज के साथ सम्पूर्ण तथ्य आगामी 12-12-2022 तारीख के 15.00 बजे तक **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

मुख्य वर्कशॉप प्रबंधक, मैकेनिकल, वर्कशॉप, डिब्रूगढ़
पूर्वोत्तर सीमा रेल
मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

सीआरपीएफ के कमांडेंट सुभाष चंद्र शर्मा का 175वीं बटालियन से तबादला

गुवाहाटी : रानी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित 175वीं बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट सुभाष चंद्र शर्मा का तबादला उत्तर प्रदेश में होने पर बटालियन मुख्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कमांडेंट के रूप में अधिकारी का तीन साल से अधिक का समय इस बटालियन में व्यतीत हुआ, जिसके दौरान अधिकारी ने अपने कुशल नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए बटालियन को परिचालनिक एवं प्रशासनिक रूप से नई ऊंचाई में पहुंचाया जिससे 175वीं बटालियन के कार्यों को प्रत्येक स्तर पर सराहा गया। यह बटालियन कामरूप (ग्रामीण एवं शहर) दोनों जिलों में कानून एवं सुरक्षा के दायित्व का निर्वहन सजगता से कर रही है, जिसमें जनता भवन एवं मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा संबंधी भूमिका अतिमहत्वपूर्ण है। नए कमांडेंट आरके झा 23 नवंबर 2022 को अपना पदभार ग्रहण कर रहे हैं।

पूर्वोत्तर स्वाभिमान उत्सव में पूसी रेल की सक्रिय भागीदारी



मालीगांव : आजादी का अमृत महोत्सव के तहत पूर्वोत्तर सीमा रेल और भारतीय सेना ने 21 नवंबर, 2022 को गुवाहाटी के इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में पूर्वोत्तर स्वाभिमान उत्सव के दौरान एक मेगा कार्यक्रम का आयोजन किया। वीर नारियों का सम्मान और पूर्वोत्तर क्षेत्रों की विविध संस्कृति को प्रदर्शित कर राष्ट्र निर्माण में पूर्वोत्तर एवं इसके गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को चिह्नित करने के लिए पूर्वोत्तर स्वाभिमान उत्सव मनाया गया। उत्सव के दौरान भारतीय सेना ने हथियारों और गोला-बारूद का भी प्रदर्शन किया है। पूर्वोत्तर क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए किए जा रहे अपने मेगा परियोजनाओं के मॉडलों को पूसी रेल ने प्रदर्शित किया। लामडिंग डीजल लोको शेड, न्यू बंगाईगांव वर्कशॉप, यात्रा के दौरान मनोरम दृश्य प्रदान करने वाली घुमावदार सीटों के साथ बहुप्रशंसित विस्टाडोम कोच, भारतीय राज्य नागालैंड के दो प्रमुख शहरों डिमापुर और कोहिमा नई लाइन परियोजना के बीच निर्माणाधीन धनसिरी-जुब्जा रेल लाइन के मॉडल प्रदर्शित किए गए थे। एलिफेंट कॉरिडोर में ट्रेन-हाथी की टक्कर से बचाव के लिए प्रभावी उपाय जैसे इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम, हनी-बी बजर स्थापित को प्रदर्शित की गई थी। वन्यजीवों के सुरक्षित मार्ग प्रदान करने के लिए कामाख्या-आजरा खंड में प्रस्तावित एलिवेटेड ट्रैक्स, रैंप और सब-वे जैसे अन्य प्रभावी कार्यों की आगंतुकों द्वारा काफी सराहना की गई। पूर्वोत्तर क्षेत्र में पूर्ण हो चुके और प्रगति पर चल रहे विद्युतीकरण कार्यों पर जोर देते हुए प्रदर्शित किया गया। पूसी रेल के स्टॉल में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ दर्ज की गई थी। आगंतुकों ने प्रदर्शित मॉडलों को देखकर पूर्वोत्तर क्षेत्रों के लिए पूसी रेल द्वारा शुरू किए गए और अब तक किए गए विकास कार्यों की प्रशंसा की। पूर्वोत्तर स्वाभिमान उत्सव के एक भाग के रूप में सांस्कृतिक शो, संगीत समारोह, हवाई प्रदर्शन आदि जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। उत्सव में पूर्वोत्तर क्षेत्रों के कई विशिष्ट अतिथि और गणमान्य उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों ने पूर्वोत्तर क्षेत्रों के समग्र विकास की दिशा में पूसी रेल की महत्वपूर्ण भूमिका की प्रशंसा की। उन लोगों ने सभी पूर्वोत्तर राज्यों को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने के उद्देश्य से अंशुल गुप्ता, महाप्रबंधक/पूसी रेल और उनकी टीम द्वारा विशेष रूप से पूर्वोत्तर क्षेत्रों में रेल संपर्क की प्रगति पर संतुष्टि व्यक्त की।

स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म सतह, पीपी शेड, प्लेटफॉर्म बेंच आदि का उन्नयन

निविदा सूचना संख्या: TSK/Engg/44 of 2022, दिनांक: 18-11-2022. निम्नांकित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है। **कार्यों का संक्षिप्त विवरण:** [illegible] स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म सतह, पीपी शेड, प्लेटफॉर्म के [illegible], प्लेटफॉर्म बेंच, [illegible] आदि का पूर्ण उन्नयन। **निविदा मूल्य :** ₹ 57,98,114/- **अग्रिम राशि:** ₹ 1,16,000/-. निविदा बंद करने की तिथि और समय **12-12-2022** को **15:00** बजे और खोलने की **16:00** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **12-12-2022** के **15:00** बजे तक उपलब्ध होगी।

डीआरएम (इंजी), तिनसुकिया
पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

200 वीए सिंगल फेज, एच क्लास इंसुलेशन 6 केवी, 750/415 वी कंट्रोल ट्रांसफार्मर की आपूर्ति

निविदा संख्या: N6225887, **दिनांक:** 14-11-2022. निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है: **संक्षिप्त विवरण:** [illegible] आरडीएसओ/पीई/एसपीईसी/टीएल/0203-2020 (रेव 4.0) के अनुसार 200वीए सिंगल फेज, एच क्लास इंसुलेशन 6 केवी, 750/415 वी कंट्रोल ट्रांसफार्मर [illegible] 1 सेट (2nos ट्रांसफार्मर) आवश्यक है। मात्रा- 100 (सौ) सेट। पीएलसंख्या (आइटम कोड): 33730046001 1; **अनुमानित मूल्य:** ₹ 50,00,000/-; **अग्रिम राशि :** ₹ 1,00,000/-. **बंद/खोलने की तिथि: 14-12-2022** को **14:30** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

उप सीएमएम/डी, न्यू बंगाईगांव
पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पूर्वोत्तर भारत में ईओ करेगा अपना पहला संस्करण लांच

गुवाहाटी : एंटरप्रेन्योर्स ऑर्गनाइजेशन (ईओ) 61 देशों में 20,000 + समान विचारधारा वाले नेताओं का एक उच्च गुणवत्ता वाला समर्थन नेटवर्क है। ईओ 2005 से प्रतिष्ठित ग्लोबल स्टूडेंट एंटरप्रेन्योर अवार्ड्स (जीएसईए) की मेजबानी करता आ रहा है। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम छात्रों को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते व्यवसायों के सीईओ के साथ साथियों और नेटवर्किंग के साथ जुड़े हुए वैश्विक आर्थिक मंच पर अपने व्यवसायों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। ईओ ने दुनियाभर में जीएसईए के कई वार्षिक संस्करणों का आयोजन किया है और तत्कालीन समय के कुछ सर्वश्रेष्ठ छात्र-उद्यमी तैयार किए हैं। इस वर्ष ईओ जीएसईए नवोदित उद्यमियों को अपने विचारों को वास्तविकता में बदलने में सक्षम बनाकर राज्य में एक स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के उद्देश्य से पूर्वोत्तर भारत में अपना पहला संस्करण लॉन्च करेगा। छात्रों को नकद पुरस्कार और संभावित फंडिंग के अवसरों के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन और विकास प्राप्त होगा। भाग लेने की पात्रता अंडर ग्रेजुएट /स्नातक छात्र होंगे, जो शैक्षणिक वर्ष 2022 में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या कॉलेज में नामांकित हों और उनकी आयु 30 वर्ष से कम होनी चाहिए।

क्लासिफाइड विज्ञापन

LAND & PROPERTY

6 katha & 2 bigha at Pamohi Main Road, 1 katha Athgaon, 4 bigha Amingaon, 2 b, 8 bigha Rampur. Office for Sale : 2000 sqft at Ulubari, 2100 sqft to 6300 sqft at ABC, G.S Road. Flat for sale : 2000 sqft Kumarpara, 1600, 2400, 3400sqft Bora service. Contact : Shree Jain Properties - 9864034949. Brokerage - 2%.
75237

FLAT FOR SALE

Booking open for 2BHK, 3BHK super deluxe flats at "MG ELITE" apartment, Nikamul, Tezpur. For details Contact : **9706054954** email : **brahmaputra.cb@gmail.com**
75766

PUBLIC NOTICE

I Jugal Das, S/o. Lt. Mahendra Nath Das, Vill. Kujidah Kumar Chock, P.O. Hatichong, P.S. Jajari, Nagaon (Assam) declare by an affidavit before ADM, Nagaon that my wife's actual and correct DOB is 24/01/1981, but, by mistake her DOB is wrongly recorded as 31/12/1980 in Gaon Bura Certificate issued by Sarkari Gaon Bura of Vill. Kujidah Kumar Chock.

NAME CHANGE

I have changed my name from Ranjit Roy to Ranjit Kumar Roy before the Notary Public Kamrup (M) Guwahati, Assam.
75709

NAME CHANGE

I have changed my name from Khairun Nessa to Musst Khairun Nessa before the Notary Public Kamrup (M) Guwahati, Assam.
75708

NAME CHANGE

I Jitendra Kumar Manoth, S/o Bhanwar Lal Manot resident of House No. 28, Nripen Bora Path, Fatasil Ambari, Guwahati-781025, have changed my name from Jitendra Manoth to Jitendra Kumar Manoth by an Affidavit, (S.No. 24541/22) before the Notary Kamrup Metro at Guwahati dated 21.11.22. Henceforth I shall be known as Jitendra Kumar Manoth in future for all purposes.

LOST

I have lost my original HSLC Admit Card, Marksheet, pass certificate bearing Roll B19-172 No. 0700 in the year 2019, HS Admit Card, Marksheet, pass certificate bearing Roll 0866 No. 20080 in the year 2021 & HS, Migration Certificate.
Sohil Islam
S/o Mohubul Islam
M/o Sepali Begum
Vill-Fekamari Part-II
P.O-Fekamari
P.S-South Salmara
Dist-South Salmara-Mankachar.

REQUIRED

Required need an expert person for Laundry and Dry Cleaning at Arunachal Pradesh. Interested person may dial at this no. 6909605890/9402869959. Salary Negotiable.

AFFIDAVIT

I, Monowara Begum, W/o Late Yousuf Ali, R/o Vill-Gorkhapon, PO-Badarpur, Dist-Karimganj, Assam do declare vide an affidavit dtd. 21-11-22 before the Notary Public, Karimganj that my correct name is Monowara Begum. But in some of my documents my name has been recorded wrongly as Monowara Begom. Monowara Begum and Monowara Begom is one and same person having single identity i.e. myself.
75785

50 मिमी आकार का पाकुड़ किस्म की मशीन आदि का निर्माण और आपूर्ति

निविदा सूचना संख्या : CON/2022/NOV/06, दिनांक: 11-11-2022 निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है। **क्र.सं.-1; निविदा संख्या :** CE/CONA-G/BLS/2022/17; **कार्य का नाम:** पू. सी. रेल की [illegible] नई बीजी लाइन परियोजना के संबंध में औसत 58.50 कि.मी. से 106.96 कि.मी. तक [illegible] पाकुड़/[illegible] किस्म की मशीन [illegible] 50 मि.मी. आकार की पाकुड़ किस्म की मशीन की निर्माण और आपूर्ति [illegible]। **निविदा मूल्य :** ₹ 26,71,42,820/-. **क्र.सं.-2; निविदा संख्या :** CE/CONA-G/BLS/2022/18; **कार्य का नाम:** पू. सी. रेल (निर्माण) की [illegible] नई बीजी लाइन परियोजना के संबंध में औसत 0.00 कि.मी. से 58.500 कि.मी. तक [illegible] 50 मि.मी. आकार की पाकुड़ किस्म की मशीन की निर्माण और आपूर्ति [illegible]। **निविदा मूल्य :** ₹ 42,97,52,636.36. निविदा को बंद करने की तिथि और समय **06-12-2022** को **14:30** बजे और खोलने की **15:00** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी।

मुख्य अभियंता/कॉन-II, मालीगांव
पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे
निर्माण संगठन
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

BEFORE THE HON'BLE LXXXII ADDL. CITY CIVIL AND SESSIONS JUDGE, BENGALURU (DEDICATED COMMERCIAL COURT) CCH-83
[illegible] Buildings, Raj Bhavan Road, Bengaluru

Comm. A.A. No. 92/2022

IN THE MATTER OF
M/s. CATERPILLAR FINANCIAL SERVICES INDIA PVT. LTD., 6th Floor, Tower "B", Prestige Shantiniketan, The Business Precinct, Whitefield Main Road, Bengaluru, Karnataka - 560 048.
...APPLICANT
AND
R-2: 1) ABDUL JALIL, Vill/Town - Barpeta Road, Ward No. 9, P.S. - Barpeta Road, Sub Divn. Barpeta, Assam - 781 301. ...RESPONDENTS

Service of Court Summons to the Respondents through Paper Publication

Whereas the Applicant has filed the above Application against you to provide adequate security to the Applicant Company equivalent to an amount of **Rs. 28,04,344/-** so as to cover the outstanding loan amount due to the Applicant Company. Take notice that the above case is posted for your appearance **on 12.12.2022.** If you have any defence, you are required to appear before the court either in person or through advocate, duly authorised on the aforesaid date of hearing, failing which the matter will be decided on merits placing you ex-parte.

Given under my hand and seal on this 5th day of November 2022 at Bangalore.

SCHEDULE OF VEHICLE
A. SCHEDULE
Equipment : Caterpillar Hindustan, 2021D
Maker's Name : Caterpillar
Model No. : Hindustan, 2021D
Serial No. : [illegible]

By order of the Court, Sheristadar,
City Civil Court, Bengaluru.
Advocate for Appellant
Thakur & Sinha Law Offices LLP
#117, Ashwin Arcade, 3rd Floor,
Sanjay Nagar Main Road, RMV II Stage,
Ashwathnagar, Bangalore, Karnataka-560 094.

भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
पांडु पोर्ट कॉम्प्लेक्स, पांडु, गुवाहाटी-781 012
टेलिफोन नं. : 0361-2676925, 2570099

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सं.: आईडब्ल्यूएआई/जीएचवाई/स्किम/4(33)/2022-23

आईडब्ल्यूएआई ने **'वर्ष 2022-23 के लिए एमपीटी खुदिराम बोस, डब्ल्यूबी आईरिस व एवी राजरांभा नामक आईडब्ल्यूएआई के 03 अदद जहाजों की ड्राई-डॉकिंग मरम्मत हेतु ई निविदा'** आमंत्रित किया है। निविदा 24.11.2022 के अपराह्न 3.00 बजे से डाउनलोड कर सकते हैं। विस्तृत विवरण हेतु ***www.iwai.nic.in*** एवं ***www.eprocure.gov.in*** का अवलोकन करें। स्पष्टीकरण/भूल-सुधार/संशोधन, यदि रहे, तो सिर्फ सीपीपी पोर्टल/आईडब्ल्यूएआई वेबसाइट में प्रकाशित किए जाएंगे।

ई-मेल : ***dirguw.iwai@nic.in***

निदेशक

নং এ.এফ.ডি.জি/৪৫১/পি.এম.এম.এচ.ৱাই/পি.ডি/২০২২-২৩/২৬১৩

জাননী

ইয়াৰ দ্বাৰা গোৱালপাৰা জিলাৰ মীন পালনৰ বাবে আগ্ৰহী লোকৰ পৰা ২০২২-২৩ বৰ্ষৰ প্ৰধানমন্ত্ৰী মৎস্য সম্পদ যোজনাৰ (PMMSY) অধীনত জিলা ভিত্তিক লক্ষ্য অনুযায়ী ইং ০৬-১২-২০২২ তাৰিখৰ ভিতৰত আবেদন বিচৰা হৈছে। নিম্নলিখিত আঁচনিসমূহৰ সবিশেষ তলত উল্লেখ কৰা হৈছে।

১। মাছৰ প্ৰজনন কেন্দ্ৰ (Gen - 1, Women - 1 No.)
২। নতুন মাছ প্ৰতিপালন পুখুৰী (Gen-2.00 Ha, Women-2.00 Ha, SC-1.00 HA, ST-1.00 Ha)
৩। নতুন পুখুৰী খনন (Gen-5.00 Ha, Women-5.00 Ha, SC-4.00 Ha, ST-4.00 Ha)
৪। সংমিশ্ৰিত মীন পালনৰ বাবে সামগ্ৰী (Gen - 5.00 Ha, Women-5.00 Ha, SC-4.00 Ha, ST-4.00 Ha)
৫। সমন্বিত মীন পালনৰ বাবে সামগ্ৰী (Gen - 2.00 Ha, Women-3.00 Ha, SC-3.00 Ha, ST-2.00 Ha)
৬। আলংকাৰিক মাছ পোনা কেন্দ্ৰ (Backyard Ornamental unit) (Gen - 1 No. Women-2 Nos. SC-1 No.), Integrated Ornamental unit Women-2 Nos.)
৭। পেন পদ্ধতিৰ মাছ পালন (Women-4 Ha)
৮। মিনি ফিড মিল (Women-1 No. ST-1 No.)
৯। মৎস্য সেৱা কেন্দ্ৰ (Women-1 No.)
১০। জাল আৰু নাও (Gen-1 No. Women-2 Nos., SC-2 Nos.)
১১। মাছমৰীয়াৰ সাহায্য (Gen/Women/SC/ST-500 Nos.)

চৰ্তাৱলী
১। হিতাধিকাৰীৰ অৰ্হতা আৰু আঁচনিৰ বিষয়ে সবিশেষ জানিবলৈ জিলা মীন উন্নয়ন বিষয়া /মীন উন্নয়ন বিষয়াৰ লগত যোগাযোগ কৰিব পাৰিব।
২। অহা ০৬-১২-২০২২ তাৰিখৰ ভিতৰত জিলাৰ মীন উন্নয়ন বিষয়াৰ কাৰ্যালয়, গোৱালপাৰাত আবেদন পত্ৰ দাখিল কৰিব লাগিব।
৩। আবেদনকাৰীয়ে আঁচনিৰ ৬০% অথবা ৪০% ধন ব্যয় কৰিব বুলি শপতনামা দাখিল কৰিব লাগিব।
৪। আবেদনকাৰীয়ে নিৰ্দিষ্ট প্ৰ-পত্ৰত পাছপৰ্ট ফটো সহকাৰে জাতিগত প্ৰমাণ পত্ৰ, বেংক পাছবুকৰ প্ৰথম পৃষ্ঠাৰ ফটো কপি, জমাবন্দী কপি, আয়ৰ প্ৰমাণ পত্ৰ, আধাৰ কাৰ্ড, ভোটাৰ পৰিচয় পত্ৰ আৰু পান কাৰ্ড সহকাৰে আবেদন দাখিল কৰিব লাগিব।

জিলা মীন উন্নয়ন বিষয়া,
গোৱালপাৰা

Janasanyog/D/16599/22